श्याम तेरे दर पे आया हूँ चाकर रख ले

श्याम तेरे दर पे आया हूँ चाकर रख ले
मुझे इक बार चाकरी का मौका दे दे
श्याम तेरे दर पे आया हूँ ....

तेरे दरबार से खाली ना कोई जाता है
हर दुखी प्रेमी को बस तू ही समझ पाता है
जल्दी मुलाकात का बाबा तू मौका दे दे
श्याम तेरे दर पे आया हूँ ....

तू भी नज़रें जो फेर लेगा कहाँ जाएंगे
दिल की हर बात जाके किसको हम सुनाएंगे
मुझे अपने दिल में छोटा सा कोना दे दे
श्याम तेरे दर पे आया हूँ ....

प्रिंस है दास तेरा तुझको ना भुलायेगा
तेरा दर छोड़ कर कहीं और वो ना जायेगा
मोना कहती हैं जल्दी से आसरा दे दे
श्याम तेरे दर पे आया हूँ ....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/22082/title/shyam-tere-dar-pe-aya-hu-chakar-rakh-le

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |